Title: Need to ensure early implementation of railway projects in Bikaner, Rajasthan − Laid.

श्री रामेश्वर डूडी (बीकानेर): रेवाड़ी से बीकानेर मीटरगेज रेलवे लाईन को ब्राडगेज में बदलने तथा सामरिक दृटि से कोलायत से फलौदी नई रेलवे लाईन का निर्माण करने हेतु सर्वे हो चुका है। बीकानेर से चैन्नई तथा बीकानेर से गोहावटी नई ट्रेन चलाने तथा बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस में कोच बढ़ाने की मांग भी लम्बे अर्से से की जा रही है। परन्तु इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसके अलावा बीकानेर शहर के अंदर से जो रेलवे लाईन गुजरती है, उसमें बाईपास ट्रैक बनाया जाना नितान्त आवश्यक है। बीकानेर जिले को एशियन डेवलपमेंट बैंक से करीब 175 करोड़ रूपये ऋण मिला है, उसमें से 16 करोड़ का प्रावधान रेलवे लाईन की मरम्मत तथा ओवरब्रिज बनाने के लिए रखा गया है। यदि बाईपास ट्रेक की स्वीकृति मिल जाती है तो इस धनराशि का उपयोग इस योजना में किया जा सकता है। मेरी भारत सरकार से मांग है कि उक्त सभी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति प्रदान कर इसी र्वा के अनुपूरक बजट में शामिल किया जाये।